# ओ सांवरे तेरा हो जाए दीदार भजन लिरिक्स

खाटू में सज धज कर बैठा,
सांवरिया सरकार,
ओ सांवरे तेरा हो जाए दीदार,
ओ साँवरे तेरा हो जाए दीदार।bd।

तर्ज – मतलब की इस दुनिया से।

---

हर ग्यारस बाबा तेरा,
रूप निराला होता है,
सच कहती हूँ रूप तुम्हारा,
देखने वाला होता है,
एक झलक जो तेरी पा ले,
कर बैठे वो प्यार,
ओ साँवरे तेरा हो जाए दीदार।bd।

---

रूप तुम्हारा ऐसा बाबा,
होश गँवा बैठे हैं हम,
चाहत में तेरी सांवरिया,
दिल जान लुटा बैठे हैं हम,
हीरे मोती से तेरी बाबा,
लूँ मैं नज़र उतार,
ओ साँवरे तेरा हो जाए दीदार।bd।

---

सजने का शौकीन ये अपने,
भक्तों को भी सजाता है,
अपने भक्तों के जीवन को,
फूलों सा महकाता है,
'बेबी हन्नी' पर कृपा का,
लुटा दिया भण्डार,
ओ साँवरे तेरा हो जाए दीदार।bd।

---

खाटू में सज धज कर बैठा,
सांवरिया सरकार,
ओ सांवरे तेरा हो जाए दीदार,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com